## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### ब्यास बांध परियोजना

*450. श्री बागड़ी :
श्री मधु लिमये :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ब्यास बांध परियोजना के बारे में अब तक क्या प्रगति हुई है ;

(ख) वहां पर बनाये जा रहे बिजली घर की क्षमता क्या है ; और

(ग) परियोजना पर कुल कितना व्यय होने का अनुमान है तथा इसके कब तक पूर्ण तैयार हो जाने की संभावना है ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री ( डा० कु० ल० राव )** : (क) ब्यास परियोजना के दो यूनिटों पर हुई प्रगति निम्नलिखित है :—

**यूनिट 1** : अनुसन्धान, सर्वेक्षण, ले-आउट और अन्वेषणात्मक छेदन कार्य चल रहा है । सुन्दर नगर, पंदोह, हरा बाग और बग्गी पर नये नगरों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है । पंदोह-बग्गी की मुख्य सुरंग के लिये 1000 फुट लम्बे पहुंच मार्ग की खुदाई हो चुकी है और इसको पक्का करने का काम प्रगति पर है । पंदोह-बग्गी सुरंग की अनुस्रोतवर्ती ओपन कट की खुदाई पूरी हो चुकी है और अनुस्रोत सिरे से सुरंग की लगभग 40 फुट लम्बाई तक खुदाई कर दी गई है ।

बग्गी सुन्दर नगर हाइडल चैनल के तीन क्राप ड्रेनिज कार्यों पर काम प्रगति कर रहा है । हरा बाग के लिये प्रवेश सुरंग की खुदाई पूरी हो चुकी है ।

**यूनिट 2** : तीन अवधारक सुरंगों और पांच व्यपवर्तन सुरंगों की खुदाई 16,500 फुट की कुल लम्बाई में पूरी हो चुकी है । व्यपवर्तन सुरंगों की खुदाई को पक्का करने का काम प्रगति पर है । अवधारक सुरंगों के स्टिलिंग बेसिन की ओर दक्षिण तथा वाम प्रत्याधारों पर बांध के लिये नीवों की खुदाई प्रगति पर है । मुकेरियां और तलवाड़ा के बीच रेल पथ के निर्माण का काम पूरा हो चुका है जब कि तलवाड़ा और बांध स्थल के बीच इस काम पर प्रगति हो रही है । बांध स्थल के प्रतिस्रोत ब्यास नदी के ऊपर एक अस्थायी पुल बना दिया गया है ।

(ख) ब्यास परियोजना के दोनों यूनिटों की कुल प्रतिष्ठापित क्षमता निम्नलिखित है :—

| | मेगावाट |
|---|---|
| देहर बिजली संयंत्र (165–165 मैगावाट के 4 यूनिट) . . | 660 |
| पोंग बांध बिजली संयंत्र (60–60 मैगावाट के 4 यूनिट) | 240 |
| भाखड़ा दक्षिण तट बिजली घर का 5वां यूनिट | 119 |
| कुल | 1,019 |

(ग) परियोजना पर कुल 208 करोड़ रुपये व्यय होने की संभावना है । परियोजना को पूरा करने की लक्ष्य तिथि, जिसको ब्यास नियंत्रण बोर्ड ने स्वीकार किया है, 1971–72 है । किन्तु, परियोजना के लिये धन राशि की अपर्याप्तता और विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई के कारण इसको पूरा करने में देरी हो सकती है ।

### Loan from U.K.

***458. Shri Onkar Lal Berwa:
Shri D. C. Sharma:
Shri P. C. Borooah:**